दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शनिवार 01 मई 2021

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोविड में लगे अधिकारियों की ड्यूटी में आंशिक संशोधन

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा जिले में कोविड-19 संक्रमण के उपचार व रोकथाम हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है। जिसके तहत कोविड-19 इमरजेंसी शिफ्टिंग कार्य हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायगढ़ में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय रायगढ़ के उप संचालक एस.सी.सिंह तथा रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ के जिला मिशन समन्वयक रमेश देवांगन की ड्यूटी लगाई गई है। शासकीय आईटीआई रायगढ़ के प्राचार्य के.एल.पटेल को रिजर्व में रखा गया है।

### दीवार के ऊपर प्लास्टर चढ़ाते समय उचाई से मजदूर गिरा,इलाज के दौरान मौत

**जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज**

**रायपुर (आरएनएस)।** दीवार के ऊपर प्लास्टर चढ़ाने के दौरान मजूदर के गिरने से इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच जुटी थी। जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गंगा विहार कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर में 17 अक्टूबर 2020 को सुरेश तोलवानी के मकान में मुकुंद साहू 42 वर्ष पिता रामाधार साहू द्वारा मजदूर से प्लास्टर का काम करवाया जा रहा था। दीवार का प्लास्टर करने के दौरान बिना सुरक्षा व्यवस्था काम करते समय मजदूर संजू यादव 32 वर्ष पिता मन्नु यादव सेजबहार मुजगहन निवासी उचाई से गिरने की वजह से गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये मेडिसाईन अस्पताल में भर्ती किया गया था। जांच में ठेकेदार द्वारा बिना सुरक्षा व्यवस्था लापरवाही पूर्वक काम कराने की वजह से घटना होना पाया गया। जिसके चलते मजदूर की मौत हो गई। राजेन्द्रनगर थाना पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला से ऑनलाईन 2 लाख की ठगी,जांच में जुटी पुलिस

**आर्डर से संबंधीत जानकारी के लिये किया कस्टमर केयर पर कॉल**

**रायपुर (आरएनएस)।** कस्टमर केयर नंबर पर कॉल कर आर्डर संबंधीत जानकारी मांगने पर महिला हुई ऑनलाईन ठगी का शिकार हो गई। आरोपी ने महिला के खाते से 2 लाख 4477 खाते से निकाल लिया। घटना की रिपोर्ट राजेन्द्रनगर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार सांई विहार कालोनी गुरुद्वारा के पास महावीरनगर निवासी पायल जैन 31 वर्ष पति विशाल जैन ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थिया अपने घर पर ही बुटीक का काम करती है। 29 अप्रैल को गुगल पर जीओ मार्ट का नंबर सर्च किया जिसके बाद दिए नंबर 8697754085 पर कॉल करने पर मोबाईल फोन धारक ने जीओ कस्टमर केयर का हेल्फलाईन नंबर 9674724196 दिया। इस नंबर आर्डर संबंधीत बात करने पर उसने एनिडेस्क एप भेजकर मोबाईल की सारी जानकारी प्राप्त कर ली तथा एसबीआई खाते से अलग-अलग कर कुछ ही देर में 2 लाख 4477 हजार रुपये निकाल लिया। घटना की सुचना पर पुलिस ने अज्ञात मोबाईल नंबर के आधार पर आरोपी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# 01 मई से 18 से 45 वर्ष के नागरिकों का टीकाकरण हो रहा है प्रारंभ

**» मुख्यमंत्री के निर्देश पर अंत्योदय राशनकार्डधारी परिवारों से टीकाकरण की होगी शुरुआत » रायगढ़ जिले के 06 गांवों के निवासियों से टीकाकरण होगा शुरू**

**» पुसौर विकासखंड के चिखली और तेतला, सरिया विकासखंड के भठली और पंचधार, सारंगढ़ विकासखंड के कोतरी और रेड़ा गांव के अंत्योदय राशनकार्ड धारी परिवार जनों को लगेंगे टीके**



**रायगढ़ ।** रायगढ़ जिले में तीसरे चरण का टीकाकरण 1 मई, शनिवार से प्रारंभ हो जाएगा। जिसके तहत 18 वर्ष से 45 वर्ष उम्र के बीच के लोगों को टीकाकरण की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। कलेक्टर भीम सिंह ने बताया कि आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर जिले में तीसरे चरण की वैक्सीनेशन की तैयारी पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देशानुसार 18 से 45 वर्ष उम्र के बीच के नागरिकों के टीकाकरण की शुरुआत अंत्योदय कार्ड धारी परिवार के सदस्यों से की जा रही है।

ज्ञात हो कि प्रदेश को 18 से 45 वर्ष के उम्र के बीच वाले नागरिकों के टीकाकरण हेतु कल दोपहर लगभग 1.5 लाख वैक्सीन की डोज रायपुर पहुंचने वाली है। जिसे प्रदेश के सभी जिलों में वितरित किया जाएगा। रायपुर से कल 01 मई को यह टीके रायगढ़ लाये जाएंगे। दोपहर बाद ये टीके रायगढ़ पहुचेंगे, इसलिए पहले दिन पुसौर, सरिया और सारंगढ़ विकासखंड में टीके लगाए जाएंगे। जिसकी पहले से तैयारी की जा रही है। चूंकि टीके जिले में कल देर से पहुंचेंगे अतः जिले के धरमजयगढ़, लैलूंगा व अन्य विकासखंड में अगले दिन 02 मई से टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा। शुरुआत में प्रत्येक विकासखंड को 800 डोज और नगरीय निकायों को 2300 डोज दिए जा रहे हैं। इससे टीकाकरण की शुरुआत हो रही है। पहले दिन उक्त तीन विकासखंड के 06 गांवों में टीकाकरण की शुरुआत होगी उसके अगले दिन जिले के सभी विकासखंड में टीकाकरण प्रारम्भ कर दिया जाएगा। यह टीके का पहला डोज है। प्रत्येक विकासखंड के लिए मिलने वाले डोज में प्रतिदिन हर विकासखंड में 100 डोज लगाया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड के आगामी दिनों के शेड्यूल पृथक से जारी किये जायेंगे। जिले में लगभग 95 हजार अंत्योदय राशन कार्ड धारी परिवार हैं। जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर पहले क्रम में वैक्सीनेशन किया जाएगा। वर्तमान में टीके की आपूर्ति कम है जैसे-जैसे टीके की आपूर्ति बढ़ती जाएगी टीकाकरण का दायरा बढ़ाते हुए बीपीएल और एपीएल को इसमें शामिल किया जाएगा।

टीकाकरण के पहले दिन जिले के तीन विकासखंड में 100-100 डोज दिए जाएंगे। 01 मई को पुसौर विकासखंड के चिखली और तेतला, सरिया विकासखंड के भठली और पंचधार और सारंगढ़ विकासखंड के कोतरी और रेड़ा गांव के अंत्योदय राशन कार्ड धारी परिवार के 18 से 45 वर्ष उम्र के बीच के परिवार जनों को ही टीके लगेंगे।

#### कहाँ लगेंगे टीके

पुसौर विकासखंड के निर्धारित गांव चिखली और तेतला के व्यक्तियों को टीके पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगेंगे। सरिया विकासखंड के भठली और पंचधार के व्यक्तियों को सरिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टीके लगेंगे। सारंगढ़ विकासखंड के कोतरी और रेड़ा गांव के अंत्योदय परिवार जनों को सारंगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में टीके लगेंगे। इन केन्द्रों पर टीकाकरण के लिए हितग्राहियों के मोबिलाईजेशन की जिम्मेदारी संबंधित विकासखंड के जनपद सीईओ को दी गयी है।

#### टीकाकरण के लिए लाने होंगे ये दस्तावेज

टीकाकरण करवाने वाले व्यक्ति को अपना अंत्योदय राशन कार्ड और आधार कार्ड लाना होगा। बिना अंत्योदय कार्ड के टीकाकरण नही किया जाएगा। इसके साथ ही गैर अंत्योदय राशन कार्ड धारियों का टीकाकरण नही किया जाएगा, अतः उन्हें टीकाकरण केन्द्र नही पहुंचना है। इस दौरान टीकाकरण सेंटर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा।

## घर से बाहर निकलने वाले होम आइसोलेटेड मरीज का कटा 5 हजार रुपए का चालान

**» चोरी छिपे सामानों की बिक्री कर रहे कन्हैया साहू पर भी 5 हजार रुपए का लगा जुर्माना**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर आगामी 6 मई 2021 तक संपूर्ण रायगढ़ जिले को लाक डाऊन लगाया गया है। जिसमें शासन की गाईड लाईन अनुसार होम आईसोलेशन में रह रहे सभी पाजिटिव मरीजों को सख्त हिदायत दी गई है कि उनका जब तक होम आईसोलेशन की अवधि पूर्ण नहीं हो जाती है तब तक वे घर से बाहर नहीं निकलेंगे। इसी तरह लॉक डाऊन की अवधि में जिन गतिविधियों को छूट मिली है, वे ही अपना दुकान संचालन कर सकते है। वरना उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज के साथ चालानी कार्यवाही की जायेगी।

इसी कड़ी में होम आईसोलेशन के नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया कि जिला जेल के पास निवासरत सावित्री देवी अग्रवाल जो कि कोविड के पाजीटिव मरीज है, जिन्हें होम आईसोलेशन में रखा गया है। इसके बावजूद वे घर से बाहर बेवजह घूमते पायी गई। साथ ही उनके घर के बाहर कोविड पाजिटिव मरीज के नाम से लगा स्टीकर भी फाड़ कर फेंक दिया गया है। होम आईसोलेशन का उल्लंघन करने के कारण इन पर 5 हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की गई।

इसी तरह होम गार्ड आफिस के पास निवासरत कन्हैया साहू एवं उसकी परिवार जिनकी दुकान स्थानीय गौरीशंकर मंदिर रोड पर रानी मिस्टी के नाम से दुकान है, जो कि लॉक डाउन का उल्लंघन करते हुये सामग्री विक्रय करते हुये पाया गया। जिसके कारण इन पर भी 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## पुलिस के व्यवहार में हो नम्रता और लापरवाही पर हो सख्त कार्रवाई: एसपी संतोष सिंह

**» ऊर्जानगर तमनार के कंटेनमेंट जोन, क्वॉरेंटीन सेंटर के निरीक्षण पर स्टाफ को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**तमनार।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा थाना तमनार क्षेत्र अन्तर्गत बनाये गये कंटेनमेंट जोन ऊर्जानगर, क्वॉरेंटीन सेंटर का व्यवस्था देखा गया। इस दौरान उन्होंने कोरोना संक्रमित परिवारों से बातचीत की और क्वॉरेंटीन सेंटर में कार्यरत स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। उनके साथ एसडीओपी धरमजयगढ़ सुशील कुमार नायक तथा थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक किरण गुप्ता उपस्थित थी, जिन्हें कंटेनमेंट जोन में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई एवं कोविड टेस्ट और वैक्सीनेशन के लिए आने वाले व्यक्तियों को छोड़कर अन्य आवाजाही पर सख्त कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

थाना परिसर के सामने अधिकारियों व कर्मचारियों को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ करते हुए शादीघरों में जाकर उन्हें कोविड-19 गाइडलाइन के पालन करने की समझाइश तथा समय पर सब्जी व डिलीवरी के लिए खोले गए किराना स्टोर को समय पर बंद कराने के निर्देश दिए, नियमों की अनदेखी पर कार्यवाही करने कहा गया है। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी दौरान डबल मास्क का उपयोग करने कहा गया है और व्यवहार में नम्रता रखकर जरूरतमंदों की अधिक से अधिक मदद करने को कहा गया। इस दौरान उन्होंने एसडीओपी धर्मजयगढ़ को कापू क्षेत्र में एकाएक काफी अधिक व्यक्तियों के संक्रमित आने पर से कंटेनमेंट जोन में सख्ती से नियमों का पालन कराने के निर्देश दिये गये हैं।

## कलेक्टर भीम सिंह ने कोविड मरीजों से बात कर बढ़ाया उनका हौसला, मरीजों से लिया उनका फीडबैक



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज वीडियो कॉलिंग के जरिये अस्पताल में इलाज करवा रहे कोरोना रोगियों से बातचीत कर उनको प्रोत्साहित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। साथ ही मरीजों से उनका फीडबैक लिया। कलेक्टर सिंह ने आज एमसीएच हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों से वीडियो कॉल के माध्यम से सीधे संवाद कर उनका हाल चाल जाना। कलेक्टर भीम सिंह ने अस्पताल में उपचार करा रही कमला सतनामी और डॉ सुनील पटेल से वीडियो कॉल में बात कर उनके सेहत के बारे में पूछा। उनको मिल रहे इलाज और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से उनका फीडबैक भी लिया। मरीजों ने बताया कि आईसीयू वार्ड में एसी को सुधार की जरूरत है और हॉस्पिटल में कुछ केअर टेकिंग स्टाफ बढ़ाने की जरूरत है। कलेक्टर सिंह जल्दी ये व्यवस्थाएं करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि इस महामारी से आपकी लड़ाई में हम सभी आपके साथ है और आप सब जल्द कोरोना को मात देकर ठीक हो जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी से लड़ रहे लोगों को दवाइयों के उपचार के साथ मानसिक संबल की भी जरूरत होती है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों को इसके लिए मरीजों से बात कर उनका मनोबल बढ़ाने की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे। इसके लिए रायगढ़ जिले में कलेक्टर सिंह के मार्गदर्शन में एक कॉउंसलिंग सेल शुरू किया गया है। जिसके मेंबर्स मरीजों से बात कर उनका तनाव दूर कर मनोबल व आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करते हैं। वे मरीजों की समस्याओं की जानकारी भी लेते हैं और संबंधित अधिकारियों को सूचित करते हैं ताकि जल्द उसका निदान किया जा सके। जिससे इस मुश्किल समय में रोगियों को मानसिक सपोर्ट मिल सके और उनकी रिकवरी तेजी से हो। कलेक्टर सिंह ने विभिन्न जिलाधिकारियों को भी मरीजों से बात कर उनकी हौसलाफ्जाई करने के लिए कहा है।

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**» पिता ने दामाद पर लगाया हत्या का आरोप**

**कोरबा (आरएनएस)।** विवाह के बंधन को लेकर कहा जाता है कि दंपत्ति का सात जनम का साथ होता है। इसके उल्टे एक नवविवाहिता का अपने पति के साथ एक वर्ष का समय भी पूरा नहीं हो सका। उसने ससुराल में फांसी लगा ली। मृतका के पिता ने दामाद पर हत्या का आरोप लगाया है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस के द्वारा औपचारिक कार्यवाही की गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर छुरीकला में यह घटना आज तड़के 4 बजे के आसपास हुई। 25 वर्षीय मोनिका प्रजापति कि ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह कोरबा नगर के अंतर्गत दादर की निवासी थी। दिसंबर 2019 में उसका विवाह परिजनों ने छुरीकला के प्रदीप प्रजापति के साथ कराया था। विवाह में परिवार के द्वारा अपनी सामर्थ्य के अनुसार सामाग्री ससुराल पक्ष को दी गई थी ताकि बेटी को बेहतर ढंग से रखा जाए और किसी प्रकार की शिकायत का मौका ना रहे। विवाह के 5 महीने ही बमुश्किल बीते थे कि बहू बनकर ससुराल में आई मोनिका ने जिंदगी को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। जानकारी के अनुसार घर के पंखे पर उसका शव लटका हुआ मिला। सुबह 4 बजे ससुरालियों के द्वारा इस बारे में मृतका के पिता राजाराम प्रजापति को खबर दी गई, जिस पर वे दौड़े-दौड़े छुरी पहुंचे।

## जिला पुलिस की महिला अफसर और स्टाफ छेड़ रखे हैं कोरोना के खिलाफ जंग

**» कोरोना के कहर के बीच दोहरी चुनौतियों का सामना कर रही महिला पुलिसकर्मी**







**रायगढ़।** कोरोना संक्रमण के बीच डॉक्टर्स, पैरा मेडिकल स्टाफ, सफाईमित्रों के साथ जिला पुलिस, सशस्त्र वाहिनी एवं नगरसेना के जवान दिन और रात हर चौक, चौराहों, बेरियर/चेक पाइंट पर डटे हुये हैं। पूरी सुरक्षा के साथ ड्यूटी कर रहे जवान भी संक्रमित हो रहे हैं, जिस कारण स्टाफ को 12 से 16 घंटे तक ड्यूटी करना पड़ रहा है। यहां यह बताना लाज़मी होगा कि चौंक चौराहों में लम्बी ड्यूटी के बाद घर जाकर घरों में अपनी अलग जिम्मेदारी निभा रही महिला पुलिसकर्मियों के जज्बे में किसी तरह की कमी नहीं आई है।

जिले में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक गरिमा द्विवेदी को एसपी संतोष सिंह द्वारा सरिया और पुसौर क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उप पुलिस अधीक्षक अंजु कुमारी एवं प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक ज्योत्सना चौधरी, कोतवाली थानाक्षेत्र में फिक्स पाइंट पर जवानों के साथ डटी हुई है। महिला अफसरों में निरीक्षक अंजना केरकेट्टा पर धरमजयगढ़ एवं निरीक्षक किरण गुप्ता पर तमनार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के साथ लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराना एवं जरूरतमंदों के लिये राहत कार्य में कमी न आने देने की बड़ी जिम्मेदारी है। इनके अलावा जिले में अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक सन्तोषी ग्रेस, उप निरीक्षक मानकुंवर थाना कोतवाली, सरस्वती महापात्रे थाना अजाक, संतरा चौहान थाना चक्रधरनगर, रक्षा टीम प्रभारी प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा सहित करीब 55 महिला प्रधान आरक्षक, आरक्षक एवं महिला नगर सैनिक कोरोना कहर के बीच फिल्ड पर सेवाएं दे रही हैं। शहर में जिला बल व नगर सेना की महिला पुलिसकर्मियों की दो शिफ्ट में पाइंट ड्यूटी लगाई गई है। कई चौंक पर महिला नगर सैनिक अपने छोटे बच्चे के साथ बड़ी शिद्दत से ड्यूटी निभाते नजर आएंगी। यह अलग बात है कि ड्यूटी के दौरान बच्चे को रखने पर उसकी सेहत की भी उसको चिंता है। इन्हें सड़कों पर बेवजह घूम रहे लोगों को सख्ती के साथ वापस भेजने के साथ, प्रभारियों के साथ जरूरतमंदों में भोजन सामाग्री वितरण करते देखा जा सकता है। इन महिला पुलिसकर्मियों का कहना है कि अभी केवल एक ही लक्ष्य है, सबको साथ मिलकर लड़ना होगा और कोरोना को हराना होगा। जिस प्रकार अपने कर्तव्य के दोहरी धार पर महिला डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ और महिला पुलिसकर्मी कोरोना के खिलाफ जंग में अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं, असल मायने में यही असली कोरोना योद्धा की पहचान है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480